सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
मंगलवार 03.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 222
epaper.khabarmantra.net
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## पोषण सखियों ने सीएम हेमंत एवं कल्पना से की मुलाकात

### समस्याओं से अवगत कराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी के नेतृत्व में गिरीडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के साथ पोषण सखियों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन से मिलकर जीत की बधाई दी और पोषण सखियों की समस्याओं पर विस्तार से रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि धनबाद जिला के कुछ प्रखंडों में व्याप्त विशेष समस्या एवं कई प्रखंडों में अभी तक जॉइनिंग लेटर नहीं देने की जानकारी दी गई। कहा गया कि अल्प मानदेय के कारण जीवन यापन करने में बहुत कठिनाई हो रही है, जब तक मानदेय में वृद्धि नहीं होती है, तब तक 'मईयां सम्मान योजना' के तहत सभी पोषण सखियों को आच्छादित करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि मंत्रिमंडल का विस्तार होते ही आप लोगों की मांगों पर विचार किया जाएगा। तब तक आप लोग अपने काम में ध्यान दें। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संरक्षक सोनी पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष कविता कुमारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष तारा गुप्ता, गिरिडीह जिला अध्यक्ष रजिया खातून, प्रमिला पासवान एवं शेबुन निशा आदि शामिल थी।

## एमपीएल के नये सीईओ बने जगमीत सिंह सिद्धू

▶▶ निवर्तमान सीईओ विजयंत रंजन बने टाटा पावर वेस्टर्न रीजन चीफ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एमपीएल के नये सीईओ एवं चीफ ईस्टर्न रीजन जेनरेशन जगमीत सिंह सिद्धू बनाये गये हैं। निवर्तमान सीईओ विजयंत रंजन सीजीपीएल मुंद्रा के चीफ के साथ ही वेस्टर्न रीजन जेनरेशन के चीफ भी होंगे। श्री सिद्धू ने सोमवार को बतौर सीईओ पद पर योगदान दिया। प्रभार सौंपते हुए निवर्तमान सीईओ श्री रंजन ने उन्हें शुभकामनाएं दी। एमपीएल के अधिकारियों ने नये सीईओ का स्वागत किया। मौके पर निवर्तमान सीईओ श्री रंजन ने अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी तथा सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा श्री सिद्धू योग्य नेतृत्वकर्ता है। उनके कार्यकाल में एमपीएल बेहतर प्रदर्शन करेगा। इधर एमपीएल आज अद्भुत क्षण का गवाह बना। निवर्तमान सीईओ श्री रंजन ने नव पदस्थापित सीइओ श्री सिद्धू को नेतृत्व की जिम्मेदारी जैसे ही सौंपा, एमपीएल में नये युग की प्रतीकात्मक शुरूआत हुई। यह महत्वपूर्ण क्षण बेहद ही प्रेरक और उत्साहित करने वाला था। नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपना दरअसल महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें परिचय सत्र के बाद अधिकारी द्वय ने अनुभव, ज्ञान और मूल्यों को साझा किया, ताकि इस अनुभव का लाभ सभी को मिल सके। वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद सीईओ श्री सिद्धू ने कहा सभी के सहयोग से हर संभव बेहतर करने का प्रयास होगा। उल्लेखनीय है कि श्री सिद्धू पहले एमपीएल के चीफ ओएंडएम रह चुके हैं।

## स्पीड न्यूज

### एड्स दिवस पर डीएवी में जागरूकता कार्यक्रम

**पुटकी।** डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह में सोमवार को एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर संकाय के छात्रों नें भाग लिया। शिक्षकों ने रेड रिबन सिंबल को लगाकर जागरूकता का परिचय दिया। वक्ताओं ने कहा एड्स एक ऐसी गंभीर समस्या है, जिसको लेकर पूरी दुनिया चिंतित है। लाखों लोग इसके चंगुल में फंस चुके है। मुख्य रूप से मनीषा पाण्डेय, मेघा पराशर व एमपी सिंह ने सीनियर बच्चों को इस रोग के बारे में जानकारी देते हुए इससे बचने का सुझाव दिया। बच्चों से अनुरोध किया कि आप लोगों को इसके बारे में जागरूक करें। जिससे इस गंभीर समस्या बीमारी से बचा जा सके। एमपी सिंह ने कहा कि इस सन्देश को अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें।

### स्कूल वैन ट्रक से टकराई, कई बच्चे चोटिल



**राजगंज।** राजगंज थाना अंतर्गत महेशपुर में हाईवे पर स्कूल वैन और ट्रक के बीच टक्कर हो गयी। जिसमें कुछ बच्चे चोटिल हो गये।महेशपुर के मुखिया मनोज महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सभी बच्चों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है की तोपचांची थाना क्षेत्र के बांसपहाड़ में मॉनफोर्ट एकेडमी नामक स्कूल के बच्चों को लेकर स्कूल वैन महेशपुर छोड़ने आया था। अन्य बच्चों को छोड़ने गोमो जाने के क्रम में सड़क पार कर रहा था कि दूसरी ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गयी। संयोग था कि बड़ी घटना होने से बच गयी। वैन में 14 छात्र छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे। घटना के बाद बच्चे दहशत में थे। सभी बच्चों को दूसरी गाड़ी से गोमो भेज दिया गया।

## जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए टास्क फोर्स की बैठक

# जल स्त्रोतों में ठोस व तरल अपशिष्ट बहाना दंडनीय अपराध : डीडीसी

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने नदी, नाला एवं तालाब आदि जल स्त्रोतों में तरल अपशिष्ट के प्रवाह को दंडनीय अपराध घोषित करते हुए खा की इसे रोकने के लिए ठोस कारवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिले के विभिन्न तालाब, नदी, नाला सहित अन्य जल स्त्रोतों की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर उसे शीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

श्री अनवर सोमवार को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए और उसे अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए आज समाहरणालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग के निदेर्शानुसार जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण हटाने एवं प्रदूषण को रोकने के लिए शहरी क्षेत्र के सभी जल स्त्रोतों का उसके मूल नक्शे के आधार पर आकार चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद जल स्त्रोतों की भूमि तथा इसके आसपास की सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण और अवैध निर्माण को भी चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद अतिक्रमण को नियमानुसार शीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी जल स्त्रोत की भूमि या इसके आसपास की सरकारी भूमि की अवैध बंदोबस्ती कर ली गई है तो उस अवैध बंदोबस्ती के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध बंदोबस्ती को रद्द करने का प्रस्ताव दिया जाएगा।




**खास बातें :** उन्होंने कहा कि जल स्रोत, नदी, नाले, तालाब को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए जल स्रोतों में ठोस या तरल अपशिष्ट पदार्थ के प्रवाह को दंडनीय अपराध घोषित करते हुए उसे रोकने के लिए भी ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराए गए क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन किया जाएगा। जिससे उसका दोबारा अतिक्रमण होने पर उसे आसानी से चिह्नित किया जा सकेगा। साथ ही उसे अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए जवाबदेही भी निर्धारित की जाएगी।

### बैठक में ये भी थे मौजूद

बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा के अलावा धनबाद, पुटकी, गोविंदपुर एगारकुंड एवं बलियापुर अंचल के अंचल अधिकारी भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### एसीसी सिंदरी सिमेंट वर्क्स यूनियन अध्यक्ष एस एन झा का निधन



**सिंदरी।** एसीसी सिंदरी सिमेंट वर्क्स यूनियन अध्यक्ष सत्यनारायण झा ने एसीसी कालोनी स्थित आवास पर सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे अंतिम साँस ली। वे विद्यापति परिषद सिंदरी के संरक्षक भी रहे। उनके निधन पर एसीसी सिंदरी सिमेंट वर्क्स यूनियन महासचिव जयराम सिंह यादव ने उनके निधन को यूनियन के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्व एस एन झा ने यूनियन अध्यक्ष पद पर रहते हुए कर्मचारियों के हितों के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यापति परिषद महासचिव चंद्रशेखर झा ने बताया कि स्व एस एन झा काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को पाटलीपुत्र नर्सिंग होम धनबाद में चिकित्सकों ने मल्टीप्ल ऑर्गन डिसॉर्डर का संकेत दिया था। उनका अंतिम संस्कार सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर किया गया।

### युवक का शव हैदराबाद में रेलवे ट्रैक पर मिला



**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के राधानगर महतो टोला के निवासी हीरालाल महतो की मृत्यु हैदराबाद में ट्रेन से कटकर हो गई है। शव हैदराबाद रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया। बताया गया कि उसकी मौत किसी पैसेंजर ट्रेन से कटकर हुई है। हीरालाल महतो रोजगार की तालाश में हैदराबाद गया था । कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के प्रयास से शव को हैदराबाद से महुदा राधानगर उनके आवास लाया जा रहा है। हीरालाल 24 नवंबर को 6 अन्य लोगों के साथ नारायण धौड़ा खरखरी के लेबर सप्लायर की अगुआई में मजदूरी करने के लिए निकला था। शेष 6 लोग तो गंतव्य स्थान तक पहुंच गये, लेकिन हीरालाल महतो नहीं पहुंचा। उसका बैग साथी लेते गये थे। हैदराबाद जीआरपी थाना पुलिस ने शनिवार को हीरालाल के घर फोन कर घटना की सूचना दी और शव का फोटो भी भेजी। इसके बाद घरवालों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने जलेश्वर महतो से मदद की गुहार लगाई। जलेश्वर ने शव को लाने की व्यवस्था कराई और परिजनों को हैदराबाद भेजा। परिजन शव को लेकर हैदराबाद से महुदा के लिए रवाना हो गये हैं। परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। मौत का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है ।

### सड़क दुर्घटना में महिला अधिवक्ता की मौत



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह की रहने वाली महिला अधिवक्ता नेहा वर्मा की मौत सड़क दुर्घटना में होने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की खबर मिलने के बाद अधिवक्ता नेहा वर्मा के शुभचिंतकों की भीड़ उसके आवास पर सीआरओ कॉलोनी में जुट गई। नेहा वर्मा धनबाद सिविल कोर्ट में अधिवक्ता थी। सोमवार को कोर्ट से मोटरसाइकिल से लौट रही थी तभी वाहन के चपेट में आकर घटनास्थल पर ही गिर गई और उसकी मौत हो गई। नेहा की बूढ़ी माँ मीरा देवी, बेटी तानिया व माही और छोटा बेटा आरुष 10 वर्षीय रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद सिंदरी और धनबाद गांधी नगर से रिस्तेदार जुट गए हैं। नेहा धार्मिक कार्य में काफी आगे रहती थी। घटना की खबर मिलने के बाद गणेश पूजा कमेटी के लोग उसके घर और घटनास्थल पर पहुंच गए।

## तीसरी बार विधायक बनने पर राज सिन्हा सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** लगातार तीसरी बार विधायक बने राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय पहुंचकर सोमवार को समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं युवा नेता दिलीप सिंह ने सम्मानित किया। उन्हें लाल चुनरी ओढ़ाकर जीत की बधाई दी।

## भंवरदाहा ग्रामीणों का दर्द : तोपचाँची झील के पानी से फसलें बर्बाद

# ग्रामीणों की मांग-समाधान करें अन्यथा होगा अन्दोलन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचाँची।** भंवरदाहा ग्रामीणों ने तोपचाँची झील के पानी से होने वाली समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि झील के पानी से उनके खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो जाती हैं और झील के फिल्टर के पानी से पूरे जोरिया में गंदा पानी बहाकर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा है कि तोपचाँची झील में साफ-सफाई के तौर पर जो अनुबंध कर्मी को रखा गया है, उसमें भी उनके गाँव से एक भी कर्मी को नहीं रखा गया है, जो बिल्कुल न्याय संगत नहीं है। ग्रामीणों ने प्रबंध निर्देशक झमाडा धनबाद से अनुरोध किया है कि 15 दिनों के अन्दर भंवरदाहा के ग्रामीणों के साथ साकारात्मक पहल होना चाहिए अन्यथा वे सभी ग्रामीण अन्दोलन करने पर बाध्य होगें।

## एड्स नियंत्रण समिति ने निकाली जागरूकता रैली

▶▶ धनबाद में एड्स के 176 नए मरीज

▶▶ 12 गर्भवती महिलाएं भी एड्स चपेट में

**धनबाद।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को एड्स नियंत्रण समिति ने एलसी रोड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र से जागरूकता रैली निकाली। सीएस डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने हरी झंडी दिखाकर रैली में शामिल एएनएम, जीएनएम को रवाना किया। हाथों में पोस्टर बैनर लिये स्वास्थ्य कर्मियों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली में शामिल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित ने बताया कि इस वर्ष धनबाद में एड्स के 176 नए मरीज मिले है। इन मरीजों को मिलाकर जिले में 2015 से अब तक कुल 1780 मरीज मिल चुके है। इस साल 12 गर्भवती महिलाओं में एड्स के लक्षण मिले हैं जो कि काफी चिंताजनक बात है। इस बीमारी से बचाव का एक मात्र उपाय जागरूकता ही है। इसकी रोकथाम के लिए नेशनल एड्स कंट्रोल ऑगेनाईजेशन की ओर से कई तरह के कार्यक्रम संचालित हैं।

## तालाब में मिला बच्ची का शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** सोमवार को एक तालाब से 5 वर्षीय आदिवासी बच्ची का शव बरामद किया गया। बच्ची रविवार शाम से लापता थी। घटना मिहिजाम थाना क्षेत्र के बेवा पंचायत अंतर्गत पिपला गांव की है। यह हत्या है या फिर बच्ची खुद तालाब में गिर डूबी है, पुलिस इसकी तलाश में जुटी हुई है। गांव के उप मुखिया कार्तिक मंडल ने बताया कि बच्ची का नाम पारो मुर्मू है, जो अपने नाना-नानी के पास रहती थी। बच्ची के पिता चंदन मुर्मू और माता दोनों बाहर मजदूरी का काम करते हैं। बच्ची कल शाम से ही घर से लापता थी। घटना के वक्त बच्ची ने पीले रंग की फ्रॉक और लाल सफेद ऊनी टोपी पहन रखी थी।

### कारीपहाड़ी क्षेत्र जंगल में ड्रोन के मदद से छापामारी

▶▶ छापामारी में जावा महुआ 8600 किग्रा बरामद

▶▶ अवैध चूलाई शराब-350 लीटर बरामद





**गिरिडीह।** उत्पाद विभाग द्वारा थाना के सहयोग से थाना-लोकायनयनपुर ओपी-थानसिंहडीह के अंतर्गत कारीपहाड़ी क्षेत्र के घने जंगल में ड्रोन के मदद से छापामारी की गई। छापामारी का नेतृत्व रवि रंजन, अवर निरीक्षक उत्पाद, गिरिडीह द्वारा किया गया। इस दौरान ड्रोन के मदद से कारीपहाड़ी के घने जंगल को स्कैन किया गया, जिसके उपरांत अवैध शराब के अड्डे तक पहुंच अवैध शराब बनाने वाले उपकरण, जावा महुआ एवम् भट्ठी को नष्ट किया गया और जावा/महुआ को जब्त किया गया। साथ ही अवैध चूलाई शराब कारोबारी के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में 'बाल विवाह मुक्त भारत' पर सेमिनार

**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में ₹बाल विवाह मुक्त भारत₹ पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। मंच संचालन करते हुए राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य प्रो. शंकर रवानी ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' पर चुप्पी तोड़ो, और लड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा बच्चों से लगवाते हुए वंदे मातरम का जयघोष करवाया। डॉ आभा विरेन्द्र अकिंचन ने बताया कि बाल-विवाह देश में होने वाला संवेदनशील सामाजिक अपराध है। इससे बच्चों में कुपोषण और उससे होने वाली भयंकर बीमारियां जन्म लेती हैं। यह एक सामाजिक बुराई ही नहीं कानूनन अपराध भी है।

# धनबाद से बेंगलूर व कोटा के लिए ट्रेन शीघ्र : डीआरएम

### सभी टिकट काउंटरों पर भी शुरू की गई है क्यूआर कोड को सुविधा

▶▶ अप्रैल से नवंबर तक माल ढुलाई से 2087.00 करोड़ की प्राप्ति

▶▶ धनबाद डिवीजन के अंतर्गत चलायी जा रही तीन वंदे भारत



**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** देश में माल ढुलाई में अव्वल रहने के साथ धनबाद रेल डिवीजन यात्री सुविधाओं में लगातार वृद्धि कर रहा है। इसके साथ ही धनबाद से बैंगलोर और कोटा के लिए नई ट्रेन चलाने पर विचार जो था है। सबकुछ ठीक रहा तो नये साल में यह सेवा शुरू हो सकती है। उक्त जानकारी सोमवार को डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने पत्रकारवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धनबाद रेल मंडल में तीन नई वंदे भारत ट्रेन कि शुरूआत हो चुकी है। जिसमें हवाड़ा-गया वंदेभारत सप्ताह में छह दिन, टाटा-पटना वंदे भारत सप्ताह में पांच दिन, रांची-पटना वंदेभारत ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलायी जा रही है। इसमें एक ट्रेन धनबाद स्टेशन होकर चल रही है, बाकी दो गोमो, कोडरमा होकर चलायी जा रही है। धनबाद-कोयंबटूर स्पेशल 04 सितंबर से प्रत्येक बुधवार को धनबाद से चलायी जा रही है। 01 नवंबर से नई ट्रेन रांची गोरखपुर साप्ताहिक ट्रेन धनबाद होकर चलायी जा रही है। इसके अलावा धनबाद-जम्मुतवी गरीब रथ स्पेशल ट्रेन का सप्ताह में दो दिन परिचालन किया जा रहा है। गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल का परिचालन कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना के रास्ते किया जा रहा है। ट्रेन के अंदर साफ सफाई, बेड रोल आदि में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन सुविधाओं में कमी मिलने पर 139 पर करे शिकायत, तुरंत होगा निदान।

### माल ढुलाई से हुई दो करोड़ से अधिक आय

डीआरएम ने बताया कि माल ढुलाई में धनबाद डिवीजन सभी डिवीजनों में सबसे आगे है। नवंबर 2024 के महीने में धनबाद डिवीजन का माल ढुलाई 16.37 मीट्रिक टन है। अप्रैल से नवंबर 2024 तक कि बात करे तो माल ढुलाई 125.95 मीट्रिक टन हुआ है। इसके बाद बीएसपी (122.06 मीट्रिक टन), केयूआर (104.83 मीट्रिक टन), सीकेपी (101.82 मीट्रिक टन) हैं।अप्रैल से नवंबर महीने तक हमलोगों ने माल ढुलाई से 2087.00 करोड़ रुपये प्राप्त किये है।

### इन स्टेशनों पर हुई यात्री सुविधाओं में वृद्धि

डीआरएम ने कहा कि वर्ष 2024-25 में अअभी तक यात्री सुविधाओं कि बात करे तो गोमो स्टेशन में प्रतीक्षालय और बुकिंग कार्यालय का नवीनीकरण, पारसनाथ स्टेशन पर प्रतीक्षालय का नवीनीकरण, हिरोडीह (पीएफ-3/4) और तेतुलमारी (पीएफ-1/2) स्टेशनों के प्लेटफार्म विस्तार का काम पूरा हो गया है। फुसरो स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 को पूरी लम्बाई की ट्रेन के लिए 300 मीटर तक विस्तारित किया गया। कटकमसांडी और कांसर नवादा स्टेशन पर पुरुष, महिला और दिव्यांगों के लिए शौचालय का निर्माण किया गया है। दिलवा स्टेशन पर तीन लीन-टू-शेड का निर्माण किया गया। रेणुकूट, चोपन और बरकाकाना स्टेशन पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें (एटीवीएम) उपलब्ध कराई गईं। यात्रियों की सुविधा के लिए 24 अक्टूबर से धनबाद मंडल के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड आधारित भुगतान की सुविधा शुरू की गई है।

स्पीड न्यूज

### रामकनाली में फोरमैन की विदाई

**कतरास।** रामकनाली कोलियरी के विद्युत विभाग के प्रांगण में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। फोरमैन यदुनंदन रजक को सेवानिवृत होने पर सम्मान के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने किया। अभियंता सुमित अभिषेक, कार्मिक प्रबंधक नितेश कुमार, प्रबंधक बिष्णु कुमार, यूनियन नेता बिमलेश चौबे, राजेश मंडल, राजेश सिंह, राजु सिंह, सरोज उपाध्याय, विवेक कुमार, पी. उपाध्याय, ए. रहमान, राज रोशन, सुनील तिवारी, ललन प्रसाद यादव, हरेंद्र राम, राघवेंद्र पांडे, रघुनंदन विश्वकर्मा, नगेन्द्र चौधरी, प्रहलाद महतो आदि ने सम्बोधित किया।

### अवकाश प्राप्ति पर शिक्षक कमलदेव मंडल को भावभीनी विदाइ



**गोविंदपुर।** सेठ सुखीराम बालिका मध्य विद्यालय गोविंदपुर में सोमवार को अवकाश प्राप्ति पर शिक्षक कमलदेव मंडल को भावभीनी विदाई दी गई। अध्यक्षता वीरेंद्र रजक, स्वागत भाषण ओम प्रकाश गुप्ता, संचालन जयंत चक्रपाणि एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका अनंत प्रिया ने किया। मनीष भगत ने मान पत्र का पाठ किया। मुख्य अतिथि बीईईओ राजीव रंजन ने कहा कि बच्चों को दिये गये संस्कार से ही शिक्षक याद रखे जाते हैं। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जितेंद्र प्रसाद साव, शिक्षक नेता एसएन लाल त्यागी, सुरेश चौधरी, रामचंद्र मिश्र व संजीव भगत, विजय कुमार, विवेकानंद पांडेय, सुशांत पांडेय, सुरेश शर्मा, दिनेश राय, किशोर तिवारी, रेखा सिन्हा, स्वाति सिंह, नीलम लाल, बसंती रजक, नरेश पासवान, कौशल कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन युवक घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर-ढाब मुख्य मार्ग स्थित बेलभरनी के समीप सोमवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर बंगाखलार से डोमचांच की तरफ जा रहे थे, तभी बेलभरनी तीखा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल सवार एक ट्रैक्टर के चपेट में आ गये, जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायलों की पहचान 19 वर्षीय बबलू कुमार, 18 वर्षीय संटू कुमार व 19 वर्षीय अनिल कुमार बंगाखलार निवासी के रूप में हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### खेल से युवाओं का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है: विधायक

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गेडे मैदान में विश्व भारती क्लब रेभनाडीह द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने किया। वहीं फाइनल मुकाबला रेभनाडीह व रतिथमाई के बीच खेला गया, जिसमें रतिथमाई की टीम एक गोल जीत दर्ज कर विजेता बनी। वहीं विधायक ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं विधायक ने कहा कि खेल से युवाओं का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और उनकी प्रतिभा में निखार आता है। मौके पर निर्मला देवी, संगीता देवी, राजकुमार यादव, राजेंद्र सिंह, यमुना यादव, रामदेव मोदी, मुरलीधर यादव, महादेव यादव, सुरेश राणा, बलराम यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुरेश राणा, सतीश यादव, राजेंद्र राम, मनोज मोदी सहित कई खेलप्रेमी मौजूद थे।

## जियलगढ़ा में पाइप लाइन से होगी जलापूर्ति : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** सिंदरी विधायक बबलू महतो ने सोमवार को कहा कि जियलगढ़ा ग्राम पंचायत में पाइप लाइन से जलापूर्ति कराई जाएगी। विभाग ने पाइपलाइन का काम पूरा कर लिया है तथा पानी टंकी का निर्माण वर्षों पूर्व हो चुका है परंतु घर-घर जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इस दिशा में वह काम करेंगे । उन्होंने कहा कि डीएमएफटी से भी विकास योजनाएं ली जाएगी। बैंक कॉलोनी गोसाईडीह में अपने अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। मुखिया प्रतिनिधि राजकिशोर गोप एवं नितेश गोप ने उन्हें जलापूर्ति, पाइपलाइन विस्तार, पुस्तकालय एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने माल्यार्पण कर विधायक का स्वागत किया एवं अपनी समस्या रखी।

**मौके पर मौजूद लोग**

मानस रंजन, विकास गोप, वीरेंद्र सिंह, अमल कुमार, दीपू गोप, संतोष मिश्रा, तारापद कुमार, प्रदीप महतो, मंटू गोप, मोहन राय, राम सिंह, विकास सिंह, कमलेश गोप, संतोष गोप, महेंद्र प्रसाद, जमुना दास रंजीत गोप समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## दिव्यांगता सप्ताह के पहले दिन विशेष बच्चो की स्कूल पहला कदम ने निकाली जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सोमवार को नारायणी चरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित विशेष बच्चो की स्कूल पहला कदम मे दिव्यंगता सप्ताह के अंतर्गत पहले दिन जागरूकता रैली निकाली गई। दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और समाज को जागरूक करने का संदेशः नारायणी चरिटेबल ट्रस्ट का पहला कदम प्रेरणा का प्रतीक बना। धनबाद के पहला कदम विशेष स्कूल ने दिव्यांगता सप्ताह को इस बार एक नए और प्रेरक अंदाज में मनाया। 2 दिसंबर को आयोजित जागरूकता रैली ने न केवल शहरवासियों का ध्यान खींचा, बल्कि दिव्यांग बच्चों की हौसलों भरी मुस्कान से हर किसी का दिल जीत लिया। गोल्फ ग्राउंड से शुरू होकर रंधीर वर्मा चौक तक पहुंची यह रैली, दिव्यांगता के प्रति जागरूकता का संदेश देती हुई गुजरी। रैली के समापन पर, बच्चों ने केक काटकर दिव्यांग दिवस का उत्सव मनाया। इस खास मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# पाइप लाइन से तेल चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** पाइप लाइन से तेल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो शातिर सदस्यों को जामताड़ा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है।चोर गिरोह के दोनों सदस्य उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार और झारखंड होकर गुजरने वाले इंडियन ऑयल पाइप लाइन से तेल चोरी करने का काम करते थे। गिरफ्तारी की पुष्टि जामताड़ा एसपी एहतेशाम वकारिब ने की है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी अरविंद कुमार यादव और पश्चिम बंगाल का रहने वाला शेख नसरुद्दीन शामिल है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से तेल चोरी करने में प्रयुक्त कई सामग्री भी जब्त की है।

जामताड़ा एसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से होकर गुजरने वाले इंडियन ऑयल के पाइप लाइन से तेल की चोरी करते थे। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में प्राथमिकी भी दर्ज है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जामताड़ा के नाला थाना क्षेत्र में तेल की चोरी की घटना हुई थी। मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। पुलिस उक्त केस के सिलसिले में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस को इन दोनों आरोपियों के बारे में पता चला। एसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी नाला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती पश्चिम बंगाल सीमा पर तेल चोरी करने की नीयत से रेकी कर रहे थे। लेकिन इसकी सूचना नाला थाना पुलिस को मिल गई थी। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ लिया। जामताड़ा एसपी एहतेशाम वकारिब ने बताया कि दोनों आरोपी काफी शातिर हैं। कुछ ही दिनों पहले दोनों जेल से छूटे हैं और फिर से चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहे थे। एसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में यह भी पता चला है कि दोनों ने हाल ही में देवघर से होकर गुजरने वाली पाइपलाइन से भी तेल की चोरी की थी।

एक नजर में

### डाक विभाग ने पेंशनर्स के लिए शुरू की डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा

**गिरिडीह।** पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने में हो रही समस्याओं को दूर करने के लिए डाक विभाग ने नई सुविधा शुरू की है। अब पेंशनर्स अपने जीवन प्रमाण पत्र को डिजिटल रूप में आधार कार्ड के माध्यम से बायोमेट्रिक और चेहरे के प्रमाणीकरण द्वारा प्राप्त कर सकेंगे। यह सेवा गिरिडीह जिले के प्रधान डाकघर और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध होगी। डाक अधीक्षक संजय कुमार संगम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा पेंशनधारकों के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनधारी भी अपने नजदीकी शाखा डाकघर से इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के लिए पेंशनर को केवल 70 का शुल्क अदा करना होगा। संगम ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने बैंकिंग सेवाओं को सरल और सुलभ बनाया है। इसके माध्यम से पेंशनर्स न केवल जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि आधार के जरिए किसी भी बैंक से राशि भी निकाल सकेंगे।

### मंईया योजना की राशि नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने लगाये कई गंभीर आरोप



**धनबाद।** विधानसभा चुनाव खत्म और मंईयाओं का सम्मान भी खत्म। धनबाद अंचल कार्यालय में सोमवार को लंबी लाईन में खड़ी महिलाएं आपस में यही कहती नजर आयी। वासेपुर, चिरागोड़ा, हीरापुर, पुराना बाजार, भूली आदि जगहों से आयी महिलाओं ने कई आरोप लगाये। कुछ महिलाओं ने बताया कि इसमें सरकार का कोई दोष नहीं है। यहां मौजूद अधिकारी ही काम नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण हमलोगों के खाते में राशि नहीं आ रही है। वहीं कुछ का कहना था कि चार महिना पहले ऑनलाईन और ऑफ लाईन दोंनो माध्यम से मंईयां योजना के लिए फार्म द्वारा था, लेकिन आज तक पैसा नहीं मिला। यहां आने पर कर्मचारी कहते है कि डीसी ऑफिस जाईये, वहीं आपलोगों का निदान होगा। वहां से दुबारा अंचल कार्यालय भेज दिया जाता है। हमलोग कई महिना से सिर्फ दोंनो ऑफिस का चक्कर लगा रहे है। आज भी लंबी लाईन है, लेकिन कर्मचारी बार बार उठ जा रहे है, काम नहीं हो रहा है। अब तो इस योजना से विश्वास ही उठ गया है। लगता है कि राशि अब नहीं मिलेगी।

### रिश्वतखोरी के आरोपी सीसीएल कर्मी के खिलाफ आरोप पत्र

**धनबाद।** रिटायर्ड सीसीएल के पंप ऑपरेटर गोपीनाथ मांझी के एरियर भुगतान कराने के एवज में 15 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोपी सीसीएल कटहरा कोलवासरी बोकारो के लिपिक सुरेश ठाकुर के खिलाफ धनबाद सीबीआई के एंटी करप्शन विंग ने सोमवार को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में दाखिल आरोप पत्र में अनुसंधानकर्ता प्रहलाद किशोर झा ने कुल 12 लोगों को गवाह बनाया है। गवाहों में अधिकांश सीबीआई के अधिकारी शामिल है। सीबीआई की टीम द्वारा 7 अक्टूबर 2024 को छापामारी कर लिपिक सुरेश ठाकुर को रिश्वत लेते रहेंगे हाथ गिरफ्तार किया था। सीसीएल कटहरा कोलवासरी के फोरमैन गार्ड भी राम विश्वास रजवार द्वारा सीबीआई को लिखित शिकायत की गई थी। लिखित शिकायत में राम विश्वास रजवार ने अपने मित्र गोपीनाथ मांझी जो पंप ऑपरेटर के पद से अवकाश ग्रहण किया था उसके एरियर भुगतान हेतु उसने लिपिक सुरेश ठाकुर से संपर्क किया था जहां उसे रिश्वत की मांग की गई थी।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दुमका।** 18 वर्षीय युवती संध्या कुमारी ने घर में पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। यह घटना सोमवार को दुमका शहर के हरणाकुंडी रोड केवटपाड़ा मुहल्ले में हुई। घटना के वक्त घर में केवल उसकी मां थी। संध्या कुमारी के पिता प्रभात साह, शहर के एक निजी विद्यालय में बस के चालक है। पिता का कहना है कि वे ड्यूटी पर चले गये थे। उसकी बेटी और पत्नी घर पर ही थी। इसी बीच सूचना मिली कि उनकी बेटी ने घर के अंदर पंखे से लटककर जान दे दी है। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। वे दौड़े भागे घर आए और दूसरे दरवाजे को किसी तरह से खोलकर कमरे के अंदर घूसे। अंदर में देखा कि बेटी ने पंखे से लटककर जान दे दी है। बेटी की आत्महत्या करने के कारण का पता नहीं चला है। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए पीजेएमसीएच भेजवाने की तैयारी कर रही थी कि उसके पिता एवं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पिता ने नगर थाना की पुलिस को लिखित आवेदन दिया और कहा कि बेटी के शव का वे लोग पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते है।

## स्वर्गीय राजकोशोर महतो की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के संस्थापक सह यूनियन के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय राजकिशोर महतो की पुण्यतिथि पर बलियापुर स्थित उनके समाधि स्थल पर यूनियन के केंद्रीय सचिव उमेश गोस्वामी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। यूनियन के केंद्रीय सचिव सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि राज किशोर महतो के अथक प्रयास से ही झारखंड अलग राज्य बना। उन्होंने कभी भी झारखंड आंदोलन पर समझौता नहीं किया। सन 2000 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं केंद्रीय रेल मंत्री वर्तमान तथा बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से स्वर्गीय राजकिशोर महतो ने झारखंड अलग राज्य बनाने का काम किया। राजकिशोर महतो अपने पिता स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो को आदर्श मानते हुए तत्कालीन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं तत्कालीन रेल मंत्री एवं वर्तमान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्होंने प्रस्ताव रखा कि हम लोग का एकमात्र उद्देश्य अलग झारखंड राज्य चाहिए।

## ईसीएल खुशरी ओसीपी का लोकल सेल दूसरे दिन भी बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** भाकपा माले के बैनर तले स्थानीय ग्रामीणों ने बेरोजगारों को रोजगार, रैयतों के जमीन के मुआवजे का भुगतान एवं नियोजन की मांग को लेकर सोमवार को दूसरे दिन भी ईसीएल के खुशरी ओसीपी से डीओधारको के कोयले का उठाव बंद रखा। ग्रामीणों का नेतृत्व भाकपा-माले के विश्वनाथ रविदास कर रहे थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वनाथ रविदास ने बताया कि स्थानीय लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। वहीं बाहर के लोगों को आउटसोर्सिंग प्रबंधन रोजगार दे रहा है। डीओधारकों का कोयला का लोडिंग स्थानीय मजदूरों को दिया जाए। ओसीपी के आसपास के गांवों में पानी, बिजली, सड़क आदि की व्यवस्था प्रबंधन द्वारा किया जाए। ओसीपी के लिए जिनकी जमीन अधिग्रहित की गई है, कई रैयतों जैसे संजय धरा, मंटू धारा, अकुल मोदक, असीम चक्रवर्ती इत्यादि को आज तक ना तो मुआवजे का भुगतान किया गया है और ना ही उन्हें नियोजन दिया गया है। जबकि उनकी जमीनों से करोड़ों रुपए का कोयला का निकासी कर प्रबंधन भेज चुका है। जब तक प्रबंधन हमारी मांगों को नहीं मानता है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर बनमाली धारा, राज मोदक, विदेश मोदक, किष्टो मोदक इत्यादि मौजूद थे।

## भाटडीह के जंगल में अवैध कोयला जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुदा।** भाटडीह पुलिस ने गुप्त सूचना पर रविवार को भाटडीह पावर हाउस जंगल के पास छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जप्त किया है। उक्त कोयला 75 बोरिया में भरकर जंगल में छुपाकर रखा गया था। छापेमारी की खबर मिलने पर अवैध धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने घटनास्थल से 35 टन अवैध कोयला जप्त की है। मामले में 0135 भाटडीह प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि 75 बोरी में लगभग 3.5 टन अवैध कच्चा कोयला जप्त किया गया है। इस सम्बन्ध में जाच कर मामला दर्ज किया गया है। मालूम हो कि भाटडीह ओपी क्षेत्र में कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इस क्षेत्र से कोयले का अवैध कारोबार करने वाले कोयले को निकालकर एक जगह जमा करते हैं। जिसे गाड़ियों से मंडी में भेजा जाता है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामडीहा के सेवानिवृत शिक्षक को विदाई

**छात्र-छात्राओं ने विदाई में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामडीहा के सेवानिवृत शिक्षक नारायण चंद्र महतो को सोमवार विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वे एक समर्पित और कर्मठ शिक्षक रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने विदाई में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में लोहापट्टी पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, शिक्षक नेता रामेश्वर महतो, विनय रंजन तिवारी, तापस कुमार खवास, प्रभारी प्रधानाध्यापक चंडी चरण दास, सीआरपी बहादुर महतो, अभिजीत भट्टाचार्य, मानिक चंद्र दास, विनोद कुमार, मधुमिता महतो, नीलिमा महतो, जितेन राय आदि उपस्थित थे। संचालन प्रवीण कुमार लाला ने किया।

## सबूर गोराई के सेवानिवृती पर विदाई समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल कर्मी सह लोदना क्षेत्र के लोकप्रिय श्रमिक नेता सबूर गोराई के कंपनी से सेवानिवृत होने पर सोमवार को बीसीकेयू की ओर से बरारी कोलियरी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में श्री गोराई को सम्मानित किया गया। यूनियन नेता सलाउद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में पहली बार आयोजित इस तरह के भव्य समारोह में भाकपा माले के विधायक सह यूनियन के महामंत्री अरूप चटर्जी, विधायक चंद्रदेव महतो, भाजपा के बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल सहित कई नामी गिरामी हस्तियों ने दलगत भावना से उपर उठकर शामिल हो श्री गोराई को कंपनी से सेवानिवृत होने पर बुक्के देकर सम्मानित करते हुए उन्हें स्वास्थ्य जीवन की कामना की।

विधायकों ने श्री गोराई से मजदूर हित में मजदूरों की आवाज को बुलंद करने को पूर्व की तरह मजदूरों की हक दिलाने को संघर्ष करने की अपील किया। यूनियन एवं कर्मियों द्वारा आयोजित भव्य समारोह में बाजे गाजे व संथाली नृत्य गीत से श्री गोराई का स्वागत करते हुए उन्हें एक मोटरसाइकिल तथा चांदी का मुकुट सहित कई उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कर्मियों द्वारा दी गई सम्मान से अभिभूत श्री गोराई ने कर्मियों को आश्वस्त किया कि वे कंपनी से रिटायर्ड हुए है लेकिन उनको उनकी हक व अधिकार दिलाने को हमेशा उनके साथ मिलकर आवाज को बुलंद करते रहेंगे।

मौके पर यूनियन के सचिव सुरेश गुप्ता, ए एम पाल, सुरेश पासवान, जमसंघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उमाशंकर शाही, अनिल सिंह, सुदर्शन प्रसाद, मनोहर सिंह, आदि मुख्यरूप से उपस्थित थे।

## ग्राइंडर मशीन और सीमेंट समेत 50 हजार का सामान हुई चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हरसिंगरायडीह में चोरों ने एक प्लॉट पर चल रहे निर्माण के सामान को चुरा लिया है। चोरों के द्वारा गोदाम का ताला तोड़कर समानों की चोरी की गई है। इस संबंध में काम का देखरेख कर रहे जालान माइका एंड एक्सपोर्ट के प्रबंधक कुमार मुकेश ने लिखित आवेदन देकर मुफ्फसिल थाने में शिकायत दर्ज करवाया है। पुलिस को दिए आवेदन में प्रबंधक कुमार मुकेश ने बताया है कि चतरो रोड के हरसिंगरायडीह स्थित खाता नंबर 49 प्लॉट नंबर 1013 पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान शनिवार तक काम चलने के बाद रविवार को काम बंद था। पुनः सोमवार को जब मिस्त्री मजदूर काम पर पहुंचें तो सामान रखे गए गोदाम का ताला टूटा पाया। जिसके बाद उन्हें सूचना दी गई। सूचना पाकर वे पहुंचे तो देखा कि मोटर के तार, ग्राइंडर मशीन, सीमेंट आदि कुल 50 हजार के सामान चोरी हुआ हैं। इस संबंध में प्रबंधक ने एफआईआर दर्ज करते हुए पुलिस से मामले की जांच कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

स्पीड न्यूज

### तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष



**इटखोरी।** बिष्णपुर निवासी विकास सिंह के पिता स्वर्गीय रामसेवक सिंह की तेरहवीं कार्यक्रम में सोमवार को जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामसेवक सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। वह करीब आधा घंटा रुके और तेरहवीं का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर देवकुमार सिंह, टुन्नी सिंह, गुडन सिंह, योगेन्द्र सिंह, कैलाश सिंह, पिंटू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पांच वर्षीय नीरज की दुर्घटना में मृत्यु

**गिद्धौर।** बरियातु गांव में पवन विश्वकर्मा के घर के पास एक अनियंत्रित बाइक ने पाँच वर्षीय नीरज कुमार यादव को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नीरज को चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे रांची रेफर किया गया। रांची के पल्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बाइक चालक मौके से फरार हो गया। नीरज अपनी चाची के साथ सड़क पार कर रहा था जब यह दुर्घटना हुई।

### जेएसएलपीएस की हुई समीक्षा बैठक



**गिद्धौर।** सोमवार को गिद्धौर क्लस्टर में जेएसएलपीएस के तहत काम करने वाली महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक हुई। आईपीआरपी सुनीता देवी ने बैठक का नेतृत्व किया और सीसी सुनील कुमार पासवान ने इसे संचालित किया। सुमित्रा देवी ने सीसी लिंकेज के बारे में जानकारी दी। महिलाओं ने अपने महीने के काम की समीक्षा की और अपना कार्य जमा किया। इस मौके पर प्रतिमा देवी, उषा देवी, संगीता देवी, प्रियंका देवी, गीता देवी सहित कई महिलाएँ उपस्थित थीं।

### जेएमएम कार्यकर्ताओ ने निकला विजय जुलूस



**चतरा।** झारखंड में जेएमएम की सरकार बनने पर प्रतापपुर में जेएमएम कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाला। यह जुलूस असलम अंसारी के आवास से शुरू होकर प्रतापपुर के मुख्य बाजारों से गुजरा। कार्यकताओं ने डीजे पर नाच गाया, एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और मिठाई खिलाई। प्रखंड अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी और जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य असलम अंसारी ने झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार के गठन पर खुशी व्यक्त की और राज्य के विकास की आशा जताई। इस जुलूस में कई जेएमएम नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### निःशुल्क विधिक सेवा शिविर का आयोजन



**चतरा।** प्रतापपुर थाना में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने निःशुल्क मध्यस्थता व कानूनी सहायता शिविर आयोजित किया। शिविर में जमीन विवाद, मारपीट, घरेलू विवाद और पैसा लेन-देन जैसे मामलों के आवेदन प्राप्त हुए।पीएलवी विहारी कुमार और सअनि श्रीराम पासवान ने मध्यस्थता की और अभियुक्तों को कानूनी सहायता दी। झालसा के निर्देशानुसार, यह शिविर प्रत्येक रविवार और बुधवार को आयोजित होता है, जहाँ घरेलू हिंसा सहित विभिन्न विवादों का निपटारा किया जाता है।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की आदालत ने सुनाई सजा

# मारकर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा

### पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** एसटी 154/2021 जान मारने की नीयत से मारकर गंभीर रूप से घायल करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने सोमवार को आरोपी 42 वर्षीय मनीष कुमार सिंह पिता स्व. सुरेंद्र सिंह सामंतो पेट्रोल पंप के नजदीक झुमरीतिलैया कोडरमा निवासी को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए न्यायालय ने 5 वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया।

**मामला वर्ष 14-03-2019 का है :** मामले को लेकर तिलैया थाना में प्रिंस कुमार सिंह पिता रविंद्र सिंह तिलैया जिला कोडरमा निवासी ने मामला दर्ज कराया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक व अधिवक्ता आत्मानंद कुमार पांडे ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक व अधिवक्ता आत्मानंद कुमार पांडे ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाया और सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

**क्या है मामला :** इसे लेकर प्रिंस कुमार सिंह पिता रविंद्र सिंह ने तिलैया थाना में आवेदन देकर कहा था कि उसके मौसा राजकुमार सिंह झलपो वार्ड नंबर 7 निवासी 14 मार्च 2019 की रात्रि करीब 10:30 बजे छावड़ा गली स्थित विनोद राय को उनके घर पहुंचा कर लौट रहे थे। वहीं मनीष सिंह इस रास्ते में अपने घर के सामने गाड़ी में बैठकर अपने दो सहयोगियों के साथ शराब पी रहे थे, गाड़ी किनारे करने बोलने पर मनीष सिंह द्वारा मेरे मौसा राजकुमार सिंह को स्कॉर्पियो गाड़ी से खींचकर जान मारने की नीयत से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वहीं स्थानीय लोगों के दौड़ने पर वह वहां से भाग गया। वहीं गंभीर रूप से घायल राजकुमार सिंह को स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## एक नजर में

### जिप उपाध्यक्ष ने किया सेनेटरी प्वाइंट व पावर टूल्स दुकान का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शहर के न्यू पेट्रोल पंप समीप स्थित सेनेटरी प्वाइंट एंड पावर टूल्स दुकान का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दुकान संचालक महोम्मद इमरान को बधाई देते हुए कहा कि इस दुकान से आसपास के लोगों को किफायती दामों पर सेनेटरी सामान आसानी से मिलेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के नल, फिटिंग, पाइप और मोटर आदि शामिल हैं। दुकान संचालक महोम्मद इमरान ने बताया कि उनकी दुकान से ग्राहकों को ब्रांडेड सेनेटरी की सभी आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर उपलब्ध होगी। उद्घाटन समारोह में मोहम्मद नौशाद, जी.एस. राजू, मोहम्मद रिजवान, महोम्मद इमरान, महोम्मद एहसान, गौहर अली सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए कई निर्देश


**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने, योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने आदि का निर्देश दिया। वहीं अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आपलोग आपस में तालमेल और समन्वय बनाकर योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर उतारने का कार्य करें, हर योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें। उपायुक्त ने कहा कि शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत सभी प्रखंडों में दो दो खेल मैदान योजना में चेंजिंग रूम और शौचालय बनाने, अंतरराज्यीय बस स्टैंड और सरकारी मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर को लेकर भूमि चिन्हित करने, प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में फल सब्जी बिक्री को लेकर रिटेल आउटलेट निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने, पिछड़ी जाति छात्रावास निर्माण व विज्ञान प्रयोगशाला के लिए भूमि का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, आश्रम विद्यालय नागरितो में डीप बोरिंग कराने, आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण व जीर्णोद्धार आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी के अलावे डीएफओ सौमित्र शुक्ल, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, प्रखंडों के बीडीओ आदि मौजूद थे।

## धान अधिप्राप्ति को लेकर केंद्रों का चयन को लेकर बैठक, डीसी ने दिये कई निर्देश

### धान की खरीददारी में बिचौलियागिरी हावी न हो, करें कड़ी निगरानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में धान अधिप्राप्ति को लेकर पैक्स केंद्रों के चयन हेतु उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत वर्ष धान व वर्तमान वर्ष अधिप्राप्ति और लक्ष्य का जानकारी लिया। जिस पर डीएसओ अविनाश पूर्णेन्दु ने उपायुक्त को बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में एक लाख क्विंटल धान क्रय करने का लक्ष्य कोडरमा जिले को प्राप्त है, इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये एवं बोनस 100 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान का क्रय किया जाना है। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसानों को लैपम्स में ही धान विक्रय करने के लिए प्रेरित करें, किसी भी हाल में धान की खरीदारी में बिचौलिए हावी न हो। वहीं उन्होंने कहा कि धान की खरीददारी में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए हर स्तर पर पदाधिकारियों के द्वारा मोनेटरिंग किया जाएगा, किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान ससमय सीधे किसानों के खाते में हो। बैठक में सर्वसम्मति से चयनित धान अधिप्राप्ति केंद्रों को नजदीकी राइस मिलों से संबंद्ध किये जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बर्णवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।



### उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं का की समीक्षा, दिये कई निर्देश



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक की गयी। बैठक के दौरान योजनाओं की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अबुआ आवास योजना, भीमराव अंबेडकर आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन, मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद फोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंडों के बीडीओ को सभी प्रकार के आवास योजनाओं के लम्बित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने, प्रखंड स्तर पर योजनाओं से सम्बंधित प्रस्ताव भेजने, बिरहोर टोलों में कैम्प लगाकर बिरहोरो का आधार कार्ड बनवाने, बिरहोरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने और बिजली की व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर प्रस्ताव भेजने, मनरेगा से सम्बंधित लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने आदि का निर्देश दिया।

### चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक संपन्न

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक रविवार को सुंदर नगर निवासी मंच सदस्य प्रेम कुमार राम के आवास पर मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत, ओम प्रकाश राम, महेंद्र राम की उपस्थिति, मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व सचिव महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई।

### महिला समूह ने महिला हिंसा रोकने का आवाज उठाने की ली शपथ

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना परिसर में जेएसपीएलएस पलाश की महिला समूह ने आये दिन महिलाओं पर हो रहे हिंसा रोकने की शपथ सोमवार को थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा के उपस्थिति में ली। इस दौरान महिलाओं ने विश्व महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के अवसर पर जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने की शपथ ली। वहीं महिलाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि महिला हिंसा के खिलाफ आवाज उठाएंगे कभी भी मुखदर्शक बनकर नहीं रहेंगे, शपथ लेते हैं कि सहायता मांगने व सहायता देने में कभी भी पीछे नहीं रहेंगे और सबको हिंसा के खिलाफ जोड़ेंगे। वहीं उन्होंने कहा हम शपथ लेते हैं कि सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरुआत हम अपने घर से करेंगे।

### चतरा में 80 किलो गांजे के साथ चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले में सदर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाराडीह-बधार रोड से 80 किलो गांजे के साथ चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें बिहार और मध्य प्रदेश के निवासी शामिल हैं। गिरफ्तार तस्कर ओडिशा से गांजा लेकर बिहार ले जा रहे थे और उनके पास से एक क्रेटा कार, चार बाइक और आठ प्लास्टिक के टब भी बरामद किए गए हैं, जिनमें गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार तस्करों और वाहनों के मालिकों की तलाश जारी है।

### दैनिक अखबार पत्रकार के माता का निधन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के बिंडोमोह गांव निवासी दैनिक अखबार के पत्रकार उपेंद्र पासवान की 80 वर्षीय माता गौरी देवी का रविवार सुबह 10 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र व पांच बेटियों सहित दर्जनों नाती-पोते से भरा-पूरा परिवार छोड़ गयीं। वहीं सोमवार सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम तेतरिया नदी घाट पर उनके छोटे पुत्र उपेंद्र पासवान व बड़ा पुत्र महेंद्र पासवान द्वारा उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया। उनके मौत पर चन्द्रदेव प्रसाद, विजय पासवान, कृष्णा पासवान, रंजीत पासवान, गुड्डु पासवान, बीना देवी, किशोर यादव, शंकर साहू, धर्मेन्द्र साहू, मनोज यादव, अशरफ अंसारी, कृष्णा राम, सहदेव पासवान, अफजल खान, राजू पासवान, मजहर खान, लाटो खान, महादेव कुमार, आफताब आलम समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## चोरी की बाइक के साथ तीन चोर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तीन बाइक चोरों को एक चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। बता दें कि तिलैया थाना अन्तर्गत वाहन चोर गिरोह जो कई दिनों से मोटरसाईकल चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कोडरमा एवं तिलैया क्षेत्र में भ्रमणशील हैं, इसे लेकर एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। छापामारी के दौरान तीन अभियुक्तों को चोरी की गई लाल रंग की अपाची (मोटरसाईकिल संख्या जेएच 12 एल 3364 के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं चोरी किये गए उक्त मोटरसाईकिल के संबंध में पूर्व में तिलैया थाना कांड संख्या 321/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं गिरफ्तार तीनों अभियुक्त जिसमें 20 वर्षीय बिक्रम कुमार पिता चन्दु रविदास शितलपुर थाना फतेहपुर गया बिहार, 21 वर्षीय चन्दन कुमार उर्फ भीम पिता अनिल पासवान मता सोतोका खुन्दर थाना फतेहपुर जिला गया बिहार, 20 वर्षीय रॉकी राम पिता मोहन राम हिलसा कछिआंवा थाना नगरनउसा जिला नालन्दा बिहार निवासी शामिल हैं।

## करियर और मेंटल हेल्थ पर काउंसलिंग सेशन का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में डिफेन्स के क्षेत्र में करियर विषय और मानसिक तनाव से बचने व उसके उपाय पर कक्षा नवम व ग्यारवीं के छात्रों के लिए काउन्सलिंग सेशन का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में प्राचार्या ने कहा कि आने वाले समय में ग्रिज़ली विद्यालय के छात्र-छात्राएं देश के सभी रक्षा पदों पर अपना योगदान दें और विद्यालय का नाम रौशन करें। इसी उद्देश्य से विद्यालय इस प्रकार के आयोजन को लगातार छात्रों के लिए आयोजित कर रही है, उम्मीद है की जल्द ही इसका परिणाम देखने को मिलेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डेप्युटी कमांडेंट सीआरपीएफ ऑफिसर प्रवीण कुमार शामिल हुए और छात्रों को सफलता के साथ-साथ मानसिक तनाव से बचने की बातें बतायी।

वहीं उन्होंने बताया की सफलता केवल कठिन परिश्रम से ही प्राप्त की जा सकती है और इसका कोई विकल्प मौजूद नहीं है। वहीं मुख्य अतिथि को विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता व प्राचार्या अंजना कुमारी के द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। मौके पर चंद्रानी सेन, विजय सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, अमित दास, शीतल, श्रेया, आलोक, यश, आदर्श, सोनाली समेत शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### एसडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र में पौष्टिक आहार पैकेटों की जांच की



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** सिमरिया एसडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों और महिलाओं के लिए दिए जाने वाले पौष्टिक आहार के पैकेट जंगल में फेंके जाने की सूचना पर गंगापुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और दलिया के चलानों की जांच की। बता दें कि दो दिन पहले गिद्धौर और पत्थल गड्ढा प्रखंडों के जंगलों में भी ऐसे ही कई पैकेट पाए गए थे जिन पर उत्पादन और वैधता तिथियाँ अंकित थीं।

ग्रामीणों ने पोषाहार की कालाबाजारी और जांच की मांग की। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला सुपरवाइजर और बीडीओ भी मौजूद थे।

## डॉक्टर की गाड़ी ने रिक्शा चालक को लिया अपने चपेट में

### तिलैया थाना में दो अलग-अलग व्यक्तियों ने दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सोमवार दोपहर लगभग दो बजे शहर के एक डॉ. अनीश कुमार सिन्हा ने अपनी चार पहिया वाहन को चलाते समय एक रिक्शा चालक को अपने चपेट में ले लिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डॉ.अनीश कुमार सिन्हा अपनी कार संख्या बीआर01एफएन-3009 से सुभाष चौक की ओर से जवाहर टॉकीज की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक रिक्शा चालक को अपनी चपेट में ले लिया, इसमें रिक्शा चालक 70 वर्षीय नारायण महतो का पैर टूट गया। उसे कमर और माथे में भी चोट लगी है। इसके बाद कार और अधिक स्पीड में दौड़ने लगी। इसी दौरान विवाह भवन के सामने खड़ी एक पानी ढोनेवाले वाहन से टकरा गई। इससे वह वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में तिलैया थाना पैंथर जवानों की मदद से कार को तिलैया थाना लाया गया। बता दें कि डॉ. अनीश कुमार सिन्हा चंदवारा स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी डॉक्टर हैं और तिलैया में आपना निजी प्रैक्टिस करते हैं। इस मामले को रिक्शा चालक के पुत्र चंद्रदेव कुमार और पानी ढोनेवाली क्षतिग्रस्त वाहन के मालिक संजय कुमार पांडेय ने तिलैया थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो डॉ. नशे की हालत में कार चला रहे थे। समाचार लिखे जाने तक डॉक्टर को तिलैया थाना में बैठाकर रखा गया था। वहीं समाचार लिखे जाने तक घायल का उपचार निजी क्लीनिक में चल रहा था।



### शिक्षकों ने प्रोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने कि मांग की

**कोडरमा।** जिले के प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षक लंबे समय से ग्रेड 4 और ग्रेड 7 में प्रोन्नति की आस लगाये हुए हैं। हाल ही में डीएसइ कोडरमा के पत्रांक 1420, 26 नवंबर 2024 के तहत प्रोन्नति से संबंधित प्रक्रिया शुरू की गयी, मगर सूची पत्र के साथ संलग्न नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किन शिक्षकों को प्रोन्नति मिलेगी। मिली जानकारी के अनुसार 30 नवंबर तक भी प्रोन्नति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायी थी,

### आदिम जनजाति की मूल सुविधा को लेकर बीडीओ व सिओ ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** सोमवार को, गिद्धौर प्रखंड के जपुआ टोला में रहने वाले आदिवासी परिवारों की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने बीडीओ राहुल देव और अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा वहां गए। उन्होंने खाने, रहने, पानी, और शौचालय जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी इकट्ठी की। इस मौके पर कल्याण विभाग पदाधिकारी, पंचायत सचिव और ऑपरेटर भी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सर्व सनातन धर्म का विशाल विरोध प्रदर्शन आज : डॉ शशिभूषण मेहता



**मेदिनीनगर।** बांग्लादेश में हिंदू, सिख और जैन समुदाय पर लगातार हो रहे हमलें और सनातनी समुदाय के धार्मिक स्थलों के विध्वंस के विरोध में सर्व सनातन धर्म के तत्वावधान में 3 दिसंबर दिन मंगलवार को मेदिनीनगर के गायत्री मंदिर के पास स्थित मैदान में विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम दिन के सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसकी जानकारी पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने दी। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी सनातनी परिवारों से निवेदन किया है कि वे इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### भविष्य में हम सब एक दूसरे के पूरक होकर कार्य करें : अविनाश वर्मा



**रांची/ मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में दो दिनों तक चलने वाली समीक्षा बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने धनबाद के नवनिर्वाचित विधायक राज सिन्हा से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। मुलाकात के क्रम में विधायक राज सिन्हा ने अविनाश वर्मा को चुनाव पूर्व उनके सार्थक सहयोग और प्रयास के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में लंबी लकीर खींचने का वादा किया। विदित हो कि चुनाव घोषणा होने के साथ जब मीडिया और व्यक्तिगत सूत्रों से जानकारी प्राप्त होने पर की आगामी विधानसभा चुनाव में शायद कायस्थ जाति से किसी व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाया जाएगा तब ऐसी स्थिति में अविनाश वर्मा ने प्रदेश नेतृत्व को व्यक्तिगत और मीडिया के माध्यम से राज सिन्हा समेत कायस्थ जाति के पांच लोगों को पूरे झारखंड में टिकट देने की मांग की थी जहां सिर्फ राज सिन्हा टिकट प्राप्त कर चुनाव में विजय हुए। मुलाकात के क्रम में अविनाश वर्मा ने उनके बेहतर और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में एक दूसरे के पूरक होकर कार्य करने का आग्रह किया।

### हाइवा के धक्के से साइकिल सवार की मौत

**हरिहरगंज पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुलतानी बस स्टैंड के समीप एनएच 139 पर हाइवा ट्रेलर के धक्के से साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना सोमवार की देर शाम की है। मृतक की पहचान पीपरा थाना क्षेत्र के सोनवे गांव निवासी 60 वर्षीय भगवान साव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान साव साइकिल से घूमकर सब्जी बेचने का काम करते थे। घटना के समय वे सब्जी बेचकर अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी छतरपुर से औरंगाबाद की ओर तेज रफ्तार से जा रहे लोहा लोड ट्रेलर के चपेट में आ गये। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। वहीं सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा–बुझाकर जाम हटाने के प्रयास कर रही है। घटना की पुष्टि करते हुए पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है। वहीं पुलिस लोगों को समझा–बुझाकर शव को कब्जे में लेकर जाम हटाने का प्रयास कर रही है।

### युवा वीर अहीर सेना का गठन, मनोहर अध्यक्ष और अमित यादव बने सचिव



>> एकता, संगठन के मजबूती और कई सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर के अन्नपूर्णा रेसीडेंसी होटल में छतरपुर अनुमंड स्तरीय पर युवा वीर अहीर सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव, जिला अध्यक्ष कमलेश यादव, हरिहरगंज प्रखंड उपाध्यक्ष सूरज यादव,डॉ रामरेश यादव, ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय यादव,सिलदाग मुखिया उमेश यादव उप प्रमुख संतोष यादव, जितेंद्र यादव, राम प्रवेश यादव समेत कई वरिष्ठ यादव समाज के लोग एवं युवा वीर अहीर सेना के पदाधिकारियों ने कैंडल प्रज्वलित कर की। इसके उपरांत सभी उपस्थित पदाधिकारीयो को परिचय पात्र के बाद अंग वस्त्र के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया। जहां युवा के उत्थान, शिक्षा, नशाखोरी से मुक्ति समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठन को विस्तार रुप देने के लिए नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सभी मुख्य अतिथियों ने अपने समाज के प्रति लोगों ने अपने समाज में असहाय एवं कुरीतियों के विरुद्ध कदम उठाने का संकल्प लिया जिसमें छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार और पिपरा के सैकड़ों युवा यादव समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मंटु कुमार यादव ने की। मंच संचालन पप्पू यादव ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अपने समाजों के बीच के एकता को बढ़ावा देना और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। बैठक के बाद सर्वसम्मति से अनुमंडल युवा वीर अहीर सेना का गठन किया गया। नवगठित सेना में संयोजक के रूप में संजय यादव को नियुक्त किया गया है। मनोहर यादव को अध्यक्ष चुना गया, और राजू यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। अमित यादव को सचिव, तथा पवन कुमार यादव को उप सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष के रूप डॉ बीके यादव उप कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक यादव कार्यालय प्रभारी के रूप में अजय कुमार यादव और मीडिया प्रभारी यमुना कुमार यादव को नियुक्त किया गया। संरक्षक में मनोज यादव, मंटू कुमार यादव, श्री कांत यादव एवं सी.के यादव को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सुनील यादव, रविंद्र यादव, बसंत यादव, अशोक यादव, जितेंद्र यादव, दीपक यादव आदि हैं।

# पांकी की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे: डॉ शशिभूषण

- कठौंधा में पांकी विधायक का ग्रामीणों ने किया गर्मजोशी के साथ स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखण्ड के कठौंधा देवी मंडप परिसर में ग्रामीणों द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पांकी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक ने देवी मंडप में पूजा अर्चना किया। विधायक ने समारोह में विधानसभा चुनाव में अपना मत देने पर मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें अपना एक एक मत देकर जिताया है उस उम्मीद पर खरा उतरने के लिए वह निरंतर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ काम करेंगे। विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांच साल में विकास की नींव रखने का काम उन्होंने किया है अब विकास रुपी महल बनाने का काम किया जायेगा। आमजनों के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य धरातल पर उतारने के लिए वह कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ साथ सनातन धर्म की रक्षा का उन्होने जो संकल्प लिया उस पर कायम है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए वह निरंतर सक्रियता के साथ काम करेंगे। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को विधानसभा क्षेत्र के कानू समाज के लोगों ने भी स्वागत किया। समारोह का संचालन रंजय भुईयां ने किया।

# सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधी हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार

- पलामू प्रमंडल क्षेत्र के क्रशर संचालकों से मांगते थे रंगदारी
- गिरफ्तार अपराधियों में अशफाक था किंग लीडर : एसपी रीष्मा रमेसन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के विभिन्न क्रशर मालिकों से रंगदारी मांगनेवाले सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधियों को पलामू पुलिस एवं एटीएस की टीम ने दबोच लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से तीन देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, तीन गोली, तीन बाइक व मोबाइल जब्त किया गया है। फरहान कुरैशी उर्फ शैलू पिता पेशी इमाम कुरैशी, कुरैशी मुहल्ला शाहपुर पर चैनपुर एवं शहर थाना में गोली कांड का मामला दर्ज है।

**क्या बोलीं एसपी :** एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 29 नवंबर की रात अज्ञात अपराधियों द्वारा चैनपुर थाना क्षेत्र के डोकरा, चांदो स्थित क्रशर प्लांट पर फायरिंग की गयी थी। जिसके उद्भेदन के लिए पुलिस लगी थी। इस दौरान गुप्त सूचना प्राप्त थी कि चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ रोड में पांच से छह व्यक्ति अवैध हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर त्वरित पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान चैनपुर भट्ठी चौक से आगे धरती अहरा के पास तीन बाइक पर छह लोग सवार थे जिन्हें रोक तलाशी ली गयी। इनके पास से अवैध हथियार व गोली बरामद हुए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि सुजीत सिन्हा गैंग के लिए काम करते हैं। ग्राम करसो स्थित क्रशर प्लांट मालिक ने रंगदारी देने में देरी की। इसलिए फायरिंग की गयी। बताया कि इसी गिरोह ने 29 नवंबर की रात डोकरा-चांदो क्रशर प्लांट पर फायरिंग की थी। बताया कि गिरफ्तार अशफाक खान पिता मो सगीर खान शाहपुर टीम का किंग लीडर है। वहीं दीपक भुइयां पिता कुंवर भुइयां, चापी थाना पांकी जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य था जो पूर्व में लातेहार जेल जा चुका है।

डॉ शशिभूषण को दूसरी बार निर्वाचित होने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन

# जनता के हर वोट की कीमत क्षेत्र में विकास कर चुकायेंगे: विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों को संबोधित करते पांकी विधायक व उपस्थित अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के पंचायत कुराईपतरा के ग्राम कठोंधा स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर लोगों ने पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता का अभिनंदन गर्मजोशी के साथ किया। मौके पर कुराईन पतरा पंचायत के ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पांकी विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार श्री मेहता को विधायक निर्वाचित होने की खुशी में हर्ष व्यक्त किया।

मौके पर श्री मेहता कठौंधा के देवी मंदिर में पूजा अर्चना किया और सभी मतदाताओं को आभार व्यक्त किया । मौके पर लोगों ने बम पटाखे छोड़कर, माला पहनाकर और मांदर बजाकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रंजय भुइयां ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा की जनता ने मुझे जो प्यार व आशीर्बाद दिया है उसे आजीवन भूला नहीं सकते हैं। जनता के एक एक वोट का कीमत क्षेत्र में विकास कर चुकायेंगे।

कहा कि पांकी विधानसभा में सड़कों, बिजली, स्वास्थ्य समेत कई सुविधाएं जनता तक पहुंचायी गयी है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, वर्तमान मुखिया पुनम देवी, पुर्व मुखिया बालदेव साव, निर्मल मेहता, भोलानाथ साव, लाला प्रसाद यादव, विरेंद्र चंद्रवंशी, देवराज साव, गोपाल साव, कमेश यादव, पंकज मिश्रा, परमेश्वर साव, विनोद साव, अमारिक भुइयां, अनिल यादव, अखलेश साव समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद सीओ ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को किया जब्त

- ट्रैक्टर थाना को सौंप कर रिपोर्ट खनन विभाग को भेजा



जब्त ट्रैक्टर के साथ पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने सोमवार को बेनी कला गांव के समीप जपला पथरा मुख्य सड़क से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को अंचल अधिकारी ने हुसैनाबाद थाना को सौंप कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्र प्रेषित कर दिया हैं। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार सोमवार को सुबह में झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र के कररबार नदी के सबानो, पथरा गांव के आसपास नदी बालू उठाव की सूचना मिली थी। बता दे कि अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्र के नदी से बालू कारोबारियों द्वारा लगातार अवैध बालू उठाव करने की लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी, इसी को लेकर अंचल अधिकारी ने सूचना के आधार पर रात्रि से ही गश्ती कर सुबह में करवाई कर बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया। आगे हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी ने बताया कि अवैध बालू खनन को लेकर इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत में अवैध बालू खनन करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

## महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं : प्राचार्य विनय श्रीवास्तव

- जेंडर व नेतृत्व विषय पर निर्वाचित महिला मुखियाओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार रांची के आदेश पर जेंडर व नेतृत्व विषय पर निर्वाचित महिला मुखियाओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान पलामू, सरजा, मेदिनीनगर में शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य विनय श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर अनूप तिवारी, अरुण पांडे, पूनम सिंह, रोशन पाठक, राजू रंजन, विजय सिंह तथा सरजा मुखिया अलका कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर अनूप तिवारी के द्वारा महिला मुखियाओं का जेंडर तथा नेतृत्व क्षमता पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज में महिलाओं के प्रति असमानता का भाव देखने तथा सुनने को प्रतिदिन मिलता है। आज की महिला समाज के किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। प्राचार्य विनय श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में एड्स जागरूकता रैली निकाली गयी। इसमें कॉलेज की सभी छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना था। रैली की शुरुआत कॉलेज परिसर से हुई। छात्राओं ने नारे लगाते हुए और पोस्टर से एड्स की रोकथाम, सावधानियों और इसके प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की प्रिंसिपल अनुपमा गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि एड्स एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य समस्या है। इसे केवल जागरूकता और सही जानकारी से रोका जा सकता है। मौके पर शिक्षकों में सौरभ सिंह, राकेश दुबे, कुलदीप पांडे, अविनाश, सुजीत, अंजना, और माया उपस्थित थे।

## किसानों के बीच सरसों बीज का किया वितरण



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड में सोमवार को पुराना प्रखंड कार्यालय के बगल में किसानों के बीच सरसों बीज बांटा गया। यह वितरण सिंगल विंडो सेंटर से ट्राफा योजना के तहत किया गया। जिसमें पंचायत जामुनडीह के 42 किसानों के बीच सरसों बीज के साथ आईएनएम/आईपीएम वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रानी ने बताया कि अच्छी पैदावार व किसानों को सशक्त बनाने के लिए बीज का वितरण किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रानी, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, जनसेवक कांति मिंज, अशफाक अहमद, किसान मित्र अध्यक्ष आनंद सिंह, किसान मित्र निर्भय पासवान, दिनेश सिंह के अलावा संबंधित किसान मित्र और दर्जनों किसान मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में रागनी को राज्य में दूसरा स्थान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के तेन्दुई ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्रा कुमारी रागनी ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वह सहायक अध्यापक जय शंकर सिंह की पुत्री है। रागिनी का उच्च शिक्षा प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा में जाने का लक्ष्य है। बताया कि नियमित रूप से प्रतिदिन स्वाध्याय करती है। रागनी की सफलता पर उसके परिजनों सहित आसपास के लोगों ने बधाई दी है।

## भाजपा पाटन, पंडवा और किशुनपुमर मंडल की बैठक आज

**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन, पड़वा, किशुनपुर मंडल की संयुक्त बैठक तीन दिसंबर दिन मंगलवार को दिन 11 बजे पाटन राजू सिंह के आवास के सामने आई टी आई कॉलेज में रखी गयी है। जिसमें मंडल के सभी चुनाव संचालन समिति के लोग, शक्ति केंद्र के संयोजक व सहसंयोजक की उपस्थिति अनिवार्य है। जानकारी देते हुए भाजपा के पंडवा मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कहा कि बैठक में भाजपा नेता व पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित रहेंगे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रेड रोज के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। निदेशक राजन पांडेय ने बताया कि हरिद्वार के गायत्री तीर्थ शांतिकुंज ने भारतीय संस्कृति ज्ञान का अतिरिक्त शिक्षा 27 बच्चों को दिया था। जिसका परीक्षा को-ऑर्डिनेटर रुद्र नारायण की देखरेख में हुआ था, जिसका परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित कर छात्र छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र बांटा। शिक्षक रुद्र नारायण ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान देना बेहद जरूरी है। मौके पर स्कूल की शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं।

## प्रहलाद राम कांग्रेस के छतरपुर विस प्रभारी नियुक्त



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के स्थानीय कांग्रेस भवन में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे के अनुशंसा पर मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने प्रहलाद राम को कांग्रेस के छतरपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिट्टू पाठक, जितेंद्र कमलापुरी, दलित कांग्रेस पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, मंडल अध्यक्ष लव सिंह, नीतीश कुमार, सज्जाद अली उपस्थित थे। कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस के छतरपुर विस का प्रभारी नियुक्त किये जाने पर प्रहलाद राम को बधाई दी है। वहीं श्री राम ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा जो मुझे दायित्व सौंपा गया है इसका निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करेंगे। पार्टी के हित में बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे।

# आरसीयू में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**




विजेता प्रतिभागी।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आरसीआईटी कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में आरसीयू के सभी संकाय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का थीम रिसाइकलिंग पर आधारित था। प्रतियोगिता में बीसीए के छात्र आदर्श कुमार, कंप्यूटर साइंस की छात्रा निधि कुमारी, बीएसी एमएलटी की छात्रा अनन्या कुमारी व मैकेनिक इंजीनियरिंग का छात्र रौनक अली ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने। सभी विजेता प्रतिभागियों को आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने वेस्ट मैनजमेंट के प्रति छात्रों को जागरूक रहने को कहा। मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी, प्रशासनिक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, इंजीनियरिंग डीन अविनाश कुमार, आरसीआईटी के डॉ राजकुमार सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिरसा कृषि बीज वितरण : किसानों को दिया गया चना-सरसों का बीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चना और सरसों के बीज का वितरण करते अतिथि।

**चैनपुर पलामू।** बिरसा कृषि बिज वितरण के तहत चैनपुर प्रखंड में चना, मक्का, मसूर, सरसों का वितरण प्रारंभ किया गया। सोमवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिव नारायण उरांव, प्रखंड तकनीकी अधिकारी प्रियंका कुमारी की मौजूदगी में तीन किसानों को प्रयाग चौधरी, राजेश भुइयां, रामप्रसाद चौधरी के बीच चना बीज एक एक पैकेट का वितरण किया गया। किसानों को अच्छे तरीके से फसल उगाने की भी जानकारी दी गई। चयनित पंचायत कोशियारा, पथरा, बांसडीह, रबदा, बंदुआ, झरिवा, अवसाने के किसानों के बीच मक्का, मंझिगावां, तलेया बभंडी, बुढिबीर, खुराकला, पूर्वडीहा, नेउरा के किसानों के बीच चना, करसो, भोंसड़ी, सलतुआ, सेमरा, ओडनार बसरिया कला के बीच सरसों, पतरिया खुर्द, महुगावां बरांव, भडगांवा कंकारी, चांदो के बीच मंसूर का वितरण किया जायेगा।

